# शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं साक्षात्कार हेतु आवश्यक सूचना

बैंक में वर्ग–4 (सहयोगी/गार्ड) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु दैनिक हिन्दुस्तान समाचार पत्र के दिनाँक 25.10.2020, 26.10.2020 एवं 18.12.2020 के अंक में विज्ञप्ति/सूचना प्रकाशित कराई गई थी। उक्त भर्तियों की **शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनाँक 12.03.2021 से 16.03.2021 तक अपराह्न 01:30 बजे से, स्थान–राजकीय इन्टर कॉलेज, रुड़की में एवं साक्षात्कार दिनाँक 18.03.2021 सें 22.03.2021 तक प्रातः 9:00 बजे से, स्थान–जिला सहकारी बैंक लि० हरिद्वार, मुख्यालय–बी०टी० गंज, रुड़की में सम्पन्न होंगी।** प्राप्त आवेदन पत्रों में निर्धारित मानक पूर्ण न करने वाले आवेदन पत्रों के निरस्त किये जाने की सूचना तथा पात्र अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं साक्षात्कार हेतु सूचना पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रेषित की गई है।

परीक्षा हेतु यात्रा का कोई मार्ग व्यय नहीं दिया जायेगा। उक्त परीक्षाओं के समय बैंक द्वारा प्रेषित सूचना पत्र के साथ अभ्यर्थी 2 नवीनतम फोटो, आधार कार्ड, शैक्षिक योग्यता का प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र, सहकारी संस्थाओं/सहकारी परियोजनाओं/सहकारिता विभाग से प्राप्त अनुभव प्रमाण पत्र के साथ इस आशय का प्रमाणक कि मानदेय का भुगतान आपके खाते में किया गया अथवा भुगतान चैंक के माध्यम से किया गया, जाति प्रमाण पत्र, उत्तराखण्ड का स्थायी निवास प्रमाण पत्र, जिला/राज्य स्तर, राष्ट्रीय/अन्तराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता अथवा अन्य विशिष्ट उपलब्धियों का प्रमाण पत्र, दिव्यांग का प्रमाण पत्र, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का नवीनतम प्रमाण पत्र आदि वांछित प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों व समस्त मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार हेतु उपस्थित होवें। वर्तमान में कोविड–19 की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये परीक्षा स्थल एवं साक्षात्कार स्थल पर मास्क एवं सेनेटाईजर अनिवार्य रूप से साथ लायें तथा सोशल डिस्टेंसिंग का शत–प्रतिशत पालन करेंगे। परीक्षा स्थल पर मास्क एवं सेनेटाईजर का प्रयोग न करने तथा तापमान चैक करने पर तापमान निर्धारित सीमा से अधिक पाये जाने पर परीक्षा से वंचित किया जा सकता है।

**अधिक जानकारी हेतु मोबाईल नं० 7534003702, 7534003705 एवं 7534003734 पर सम्पर्क कर सकते हैं।**

**सचिव/महाप्रबन्धक**